आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.02.2026 / 9:20बजे

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 का करेंगे उद्घाटन
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनका मंत्रिमंडल आज दिल्ली होगा रवाना–अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मालिकार्जन खड़गे और राहुल गांधी के साथ कल होगी एक महत्वपूर्ण बैठक
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का पहला चरण समाप्त–विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा अब आगामी बजट सत्र की कार्यवाही 18 मार्च से शुरू होगी
- एआई और इंटेल इंडिया ने एआई जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 24 घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

पीएम–एआईइम्पैक्ट समिट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतरेस और दुनिया भर के कई शीर्ष उद्योगपति भी संबोधित करेंगे। समारोह के बाद ये नेता इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का दौरा करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मंत्रिमंडल सहित दिल्ली रवाना होंगे। उनकी कल 20 फरवरी को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मालिकार्जन खड़गे और राहुल गांधी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में 16वें वित्त आयोग द्वारा प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान बंद करने के निर्णय से उत्पन्न स्थिति से केंद्रीय आलाकमान को अवगत करवाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस मुद्दे को लोकसभा में उठाने की भी हाई कमान से मांग करेंगे। मुख्यमंत्री ने आर डी जी के विषय में केंद्रीय वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री से भी मिलने का समय मांगा है जो अभी तक निर्धारित नहीं है।

19.02.2026 / 0920बजे / रितेश / पुष्पा / संजय

विधानसभा बजट सत्र

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का पहला चरण कल समाप्त हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि ब्रेक के बाद अब विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत 18 मार्च से होगी। उन्होंने बताया कि बजट सत्र के पहले भाग में तीन बैठकें तय की गई थी। सदन में कार्यवाही के दौरान इन बैठकों को बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं आया। अब आगामी बजट सत्र की कार्यवाही 18 मार्च से शुरू होगी।

विश्व रिकॉर्ड

इंडिया एआई और इंटेल इंडिया ने एआई जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 24 घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अंतर्गत 25 लाख से अधिक छात्रों ने संकल्प लिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने देशभर के कॉलेजों, छात्रों और शिक्षकों से एआई को नैतिक और उसके उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने की प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

प्रधानमंत्री–रमजान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने रमजान मुबारक कहा और आशा व्यक्त की कि यह शुभ महीना समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कामना की कि सभी जगह शांति और समृद्धि बनी रहे।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुन्नी में आयोजित होने वाली एंटी चिट्टा रैली में शामिल होंगे। यह रैली प्रातः 11 बजे शुरू होगी। विक्रमादित्य सिंह थली पुल की आधारशिला रखेंगे और उपमंडल दण्डाधिकारी कार्यालय का शुभारंभ भी करेंगे। इसके पश्चात वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

एमईआईटीवाई–एआई एक्सपो

केन्द्र सरकार ने इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो की अवधि एक दिन बढ़ाकर 21 फरवरी तक कर दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बताया कि प्रदर्शकों, नवप्रवर्तकों और आगंतुकों से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक्सपो इस महीने की 20 और 21 तारीख को रात 8 बजे तक खुला रहेगा।

शैक्षणिक गतिविधियां

प्रदेश सरकार राज्य में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश का एकमात्र सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा पिछले कुछ समय से ढांचागत समस्याओं से जूझ रहा था किन्तु प्रदेश सरकार ने इसके चहुंमुखी विकास के लिए सराहनीय कदम उठाया है।

मंडी–शिवरात्रि

सात दिवसीय मंडी के अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान श्री राज माधोराय की अगवानी में मध्य जलेब आज निकाली जाएगी। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस भव्य जलेब में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। इस दौरान सेरी मंच पर आयोजित शिवरात्रि महोत्सव की चौथी सांस्कृ तिक संध्या में भी विधानसभा अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने बजट सत्र से जुड़ी खबर को अपनी प्रमुख खबर बनाया है। अमर उजाला के शब्द हैं हंगामे के बीच आर डी जी पर प्रस्ताव पारित बहाल न होने पर 15 फीसदी कटेगा बजट। दैनिक जागरण ने लिखा है हंगामे के बीच आर डी जी बहाली पर संकल्प पारित।

पंजाब केसरी के अनुसर हिमाचल में राज्यसभा सीट के लिए हाईकमान से चर्चा के बाद तय करेंगे प्रत्याशी भाजपा–कांग्रेस।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर को शीर्षक दिया है बारालचा, शिंकुला और रोहतांग में बर्फबारी से ठिठुरन बढ़ी, पांच दिन साफ रहेगा मौसम।

''अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 का करेंगे उद्घाटन
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और मंत्रिमंडल आज दिल्ली होगा रवाना–अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मालिकार्जन खड़गे और राहुल गांधी के साथ कल होगी एक महत्वपूर्ण बैठक
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का पहला चरण समाप्त–विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा अब आगामी बजट सत्र की कार्यवाही 18 मार्च से शुरू होगी

एआई और इंटेल इंडिया ने एआई जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 24 घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का बनाया नया विश्व रिकॉर्ड